FIROZABAD POLICE

" सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा "

सराहनीय कार्य दिनाँक 09-04-2025 थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना फरिहा पुलिस टीम द्वारा वांछित हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त वकील को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।

- **अभियुक्त के विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक अभियोग है पंजीकृत.....**
- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस बरामद।**

दिनांक 01-04-2024 को वादी द्वारा थाना फरिहा पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 31-03-2025 को प्रार्थी व उसके भाई को अभियुक्त वकील ने अपने साथियों के साथ मिलकर जान से मारने की नीयत से लाठी डण्डों से मारा पीटा गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना फरिहा पर मु0अ0सं0 42/2025 धारा 109,115(2),351(2),352,324(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

उक्त प्रकरण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एंव क्षेत्राधिकारी जसराना के नेतृत्व में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 09-04-2025 को थाना फरिहा पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी कि थाना फरिहा पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 42/2025 में वांछित अभियुक्त वकील किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में फरिहा से मर्शलगंज जाने वाले रास्ते पर ईदगाह के पास घूम रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा फरिहा मर्शलगंज रोड़ पर सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग के दौरान सामने से एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। पुलिस टीम को देखकर उक्त संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा जिसका पुलिस टीम द्वारा पीछाकर घेराबंदी की गयी। खुद को घिरता हुआ देखकर उक्त संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में संदिग्ध व्यक्ति पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान वकील पुत्र अजमेरी निवासी भीकनपुर सांखिनी थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है जोकि थाना फरिहा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 42/2025 का वांछित अभियुक्त है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 02 जिंदा कारतूस एवं 01 खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-

1. वकील पुत्र अजमेरी निवासी भीकनपुर सांखिनी थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण –

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 02 जिंदा कारतूस 315 बोर।
3. 01 खोखा कारतूस 315 बोर।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त वकील-

1.मु0अ0सं0 146/2011 धारा 307 भादवि थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
2.मु0अ0सं0 144/2011 धारा 379, 411 भादवि थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0सं0 147/2011 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
4. मु0अ0सं0 133/2012 धारा 3 यूपी गुण्डा एक्ट थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
5. मु0अ0सं0 164/2022 धारा 302,323,452 भादवि थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
6. मु0अ0सं0 20/2022 धारा 272 भादवि व धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
7. मु0अ0सं0 42/2025 धारा 109,115(2),351(2),352,324(4) बीएनएस थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक गीतम सिंह थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 सतीशचन्द थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 प्रशिक्षु सुधीर कुमार थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
4. हे0 का0 चालक गिरवर सिंह थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद ।
5. का0 राजीव भाटी थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
6. का0 971 वैभव कुमार थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।